उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 21.03.2018

यूजेवीएन लि0 हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए पारित टैरिफ आदेश : मुख्य बिन्दु

- यूजेवीएन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review) तथा वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC)/टैरिफ निर्धारण के लिए आयोग के समक्ष दिनांक 30.11.2017 को पिटिशन प्रस्तुत की गई।
- उपरोक्त पिटिशन के साथ यूजेवीएन लि0 द्वारा पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, चीला, रामगंगा, खटीमा एवं मनेरी भाली–I) एवं मनेरी भाली–II विद्युत गृह के वित्तीय वर्ष 2016–17 के संपरीक्षित लेखों के आधार पर सहीकरण (Truing-up) का अनुरोध भी किया गया है।
- इस टैरिफ आदेश में आयोग द्वारा अभिलेखों के संवीक्षोपरान्त निम्न अनुमोदन किये गयेः–

  a) वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–II का सहीकरण (**truing up**)।

  b) वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों एवं मनेरी भाली–II का वार्षिक स्थिर प्रभार (**AFC**)।

- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा अपने पुराने 09 बड़े विद्युत गृहों हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 के सहीकरण के विपरीत कुल रू0 22.73 करोड़ का अन्तर (Gap) दिखाया गया था, जिसे परीक्षणोपरान्त आयोग द्वारा रू0 19.99 करोड़ का अधिशेष (surplus), मय रख–रखाव लागत रू0 24.29 करोड़ के साथ यूपीसीएल (UPCL) को वापस किये जाने हेतु अनुमोदित किया गया।
- यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा मनेरी भाली–2 हेतु वित्तीय वर्ष 2016–17 के सहीकरण लेखों में कुल रू0 64.66 करोड़ का अन्तर (Gap) दिखाया गया था जिसके विपरीत आयोग द्वारा कुल रू0 18.77 करोड़ का अधिशेष (surplus), मय रख–रखाव लागत रू0 22.80 करोड़ के साथ यूपीसीएल (UPCL) को वापस किये जाने हेतु अनुमोदित किया गया।
- वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु यूजेवीएन लि0 द्वारा क्लेम किये गये वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) एवं आयोग द्वारा स्वीकृत वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) का विवरण गत वर्ष की तुलना सहित निम्न सारिणी में दर्शित हैः–

तालिका : वार्षिक स्थिर प्रभार (रू0 करोड़)

उत्पादन गृह	वित्तीय वर्ष 2017–18	वित्तीय वर्ष 2018–19	
	आदेश दिनांक 29.03.2017 में अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित
09 बड़े विद्युत गृहों	**359.20**	**447.52**	**334.52**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		24%	7% (Decrease)
मनेरी भाली–II	**255.95**	**320.53**	**235.29**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		25%	8%(Decrease)
कुल	**615.15**	**768.05**	**569.81**
गत वर्षों की तुलना में कुल वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि		25%	7%(Decrease)

****